भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2554**
उत्तर देने की तारीख 09 मार्च, 2026
सोमवार, 2026/18 फाल्गुन, 1947 (शक)

**दस्तकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस)**

2554. श्री भर्तृहरि महताबः
डॉ. कल्याण वैजीनाथराव कालेः
श्री यदुवीर वाडियारः
श्री दुलू महतोः
श्री भोजराज नागः
श्री जगदम्बिका पालः
श्री दामोदर अग्रवालः
श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाहः
श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ः
श्री अनन्त नायकः
श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटीः
श्री शंकर लालवानीः
श्री बलभद्र माझीः
श्री नव चरण माझीः

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में दस्तकारों के नामांकन, पाठ्यक्रम पूरा करने और प्लेसमेंट परिणामों में सुधार के लिए दस्तकार प्रशिक्षण योजना को सुदृढ़ किया गया है और यदि हाँ, तो क्योंझर और नवरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों सहित इसका राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या आईटीआई ढांचे के अंतर्गत 'न्यू एज ट्रेड्स' की शुरुआत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, दूरसंचार, ड्रोन, साइबर सुरक्षा, सेमीकंडक्टर और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में उभरती कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप है और उक्त निर्वाचन क्षेत्रों में इनके विस्तार की सीमा क्या है और यदि हाँ तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) आईटीआई के उन्नयन और प्रशिक्षक प्रमाणन सहित संस्थागत और प्रशिक्षक क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं तथा उक्त निर्वाचन क्षेत्रों में इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या सरकार का आईटीआई क्षमता का और विस्तार करने या अतिरिक्त भविष्योन्मुखी ट्रेडों को शुरू करने का विचार है और यदि हाँ, तो उक्त निर्वाचन क्षेत्रों के विशिष्ट संदर्भ में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) 'पीएम-सेतु' (आईटीआई उन्नयन की राष्ट्रीय योजना) के अंतर्गत औद्योगिक और खनन जिलों धनबाद, बोकारो और रांची में सरकारी आईटीआई को 'मॉडल आईटीआई' के रूप में उन्नत करने की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(च) स्थानीय औद्योगिक मांग को पूरा करने के लिए झारखंड में शुरू किए गए ड्रोन तकनीशियन और सेमीकंडक्टर रखरखाव जैसे विशिष्ट 'न्यू एज ट्रेड्स' का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के तत्वावधान में प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) देश के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) का कार्यान्वयन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के नेटवर्क के माध्यम से करता है। सीटीएस के अंतर्गत देशभर में 14,688 आईटीआई (राजकीय - 3,345 एवं निजी-11,343) के माध्यम से 169 पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

सीटीएस के अंतर्गत ट्रेड पाठ्यक्रमों को समय-समय पर उद्योग, शिक्षाविदों तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के परामर्श से अद्यतन किया जाता है, ताकि उभरती प्रौद्योगिकियों, आधुनिक उपकरणों एवं मशीनरी को पाठ्यक्रम में समाहित किया जा सके। इसके अतिरिक्त, शिक्षण पद्धति (पैडागॉजी) तथा मूल्यांकन प्रणालियों को भी सुदृढ़ किया गया है। इन पहलों का उद्देश्य प्रशिक्षण को वर्तमान औद्योगिक मानकों के अनुरूप बनाना, प्रशिक्षण की समग्र गुणवत्ता एवं नामांकन में वृद्धि करना तथा प्रशिक्षुओं को वेतनभोगी रोजगार के साथ-साथ स्व-रोजगार के लिए भी तैयार करना है।

विगत तीन वर्षों के दौरान उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप 14 नए सीटीएस पाठ्यक्रम विकसित किए गए हैं तथा 22 मौजूदा पाठ्यक्रमों में संशोधन किया गया है। आईटीआई में नामांकन वर्ष 2022-23 में 12.51 लाख से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 14.70 लाख हो गया है।

क्योंझर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 17 आईटीआई संचालित हो रहे हैं, जिनमें 04 राजकीय आईटीआई तथा 13 निजी आईटीआई शामिल हैं। इसी प्रकार नबरंगपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 08 आईटीआई संचालित हो रहे हैं, जिनमें 06 राजकीय आईटीआई तथा 02 निजी आईटीआई शामिल हैं।

(ख) प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) ने सीटीएस के अंतर्गत कृत्रिम मेधा (एआई), ड्रोन, साइबर सुरक्षा, सेमीकंडक्टर तथा हरित ऊर्जा जैसे उभरते क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए 31

न्यू एज ट्रेड प्रारम्भ किए हैं। इन न्यू एज ट्रेडों को उद्योग तथा अन्य हितधारकों के परामर्श से इस प्रकार विकसित किया गया है कि प्रशिक्षण को विकसित होती प्रौद्योगिकीय प्रगति तथा उभरती कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जा सके। इन 31 न्यू एज ट्रेडों में दिए जाने वाले प्रशिक्षण का विवरण **अनुलग्नक-1** में उपलब्ध है।

क्योंझर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में वर्तमान में दो राजकीय आईटीआई में चार न्यू एज ट्रेड संचालित किए जा रहे हैं, जबकि नबरंगपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक राजकीय आईटीआई में एक न्यू एज ट्रेड संचालित किया जा रहा है।

(ग) मंत्रिमंडल ने देश में व्यावसायिक प्रशिक्षण की समग्र गुणवत्ता एवं प्रासंगिकता को उन्नत प्रयोगशालाओं, आधुनिक मशीनों तथा उद्योग-अनुरूप पाठ्यक्रम के माध्यम से सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उन्नत आईटीआई के अमध्यम से प्रधानमंत्री कौशल विकास और रोजगार योग्यता परिवर्तन (पीएम सेतु) योजना को स्वीकृति प्रदान की है। इस योजना के अंतर्गत हब एवं स्पोक मॉडल के माध्यम से 1,000 राजकीय आईटीआई (200 हब आईटीआई एवं 800 स्पोक आईटीआई) के उन्नयन का प्रावधान है। इस उन्नयन प्रक्रिया में स्मार्ट कक्षाएं, आधुनिक प्रयोगशालाएं, डिजिटल सामग्री तथा उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप नए पाठ्यक्रम शामिल हैं, जिन्हें उद्योग-संचालित विशेष प्रयोजन साधन (एसपीवी) के माध्यम से संचालित किया जाएगा। पीएम सेतु योजना के अंतर्गत आईटीआई का चयन संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा उद्योगों के परामर्श से किया जाता है, जिससे उभरती कौशल आवश्यकताओं तथा स्थानीय औद्योगिक संभावनाओं के साथ समन्वय सुनिश्चित हो सके।

ओडिशा सरकार ने क्योंझर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में उन्नयन हेतु दो आईटीआई अर्थात् राजकीय आईटीआई, बारबिल को हब तथा राजकीय आईटीआई, आनंदपुर को स्पोक के रूप में अभिचिन्हित की है।

प्रशिक्षकों की क्षमता में वृद्धि के उद्देश्य से शिल्पकार अनुदेशक प्रशिक्षण योजना (सीआईटीएस) का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य अनुदेशक प्रशिक्षुओं को व्यवहारिक कौशल तथा प्रशिक्षण पद्धति, दोनों में समग्र प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे वे उद्योग के लिए कुशल मानव संसाधन के प्रशिक्षण की तकनीकों से भली-भांति परिचित हो सकें। यह प्रशिक्षण देशभर में 33 राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई), 5 एनएसटीआई विस्तार केंद्र तथा 120 प्रशिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीओटी) के नेटवर्क के माध्यम से प्रदान किया जाता है। विगत तीन वर्षों अर्थात 2022-23 से 2024-25 के दौरान सीआईटीएस के अंतर्गत कुल 27,677 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया गया है।

(घ) राजकीय आईटीआई में ट्रेडों तथा सीटों में वृद्धि किया जाना संबंधित राज्य सरकारों एवं संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस संबंध में प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण निर्धारित संबद्धता मानकों के अनुसार किया जाता है।

सीटीएस के अंतर्गत उभरती कौशल आवश्यकताओं एवं प्रौद्योगिकीय प्रगति को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) द्वारा उद्योग एवं अन्य हितधारकों के परामर्श से समय-समय पर नए तथा भविष्योंन्मुख ट्रेड प्रारम्भ किए जाते हैं।

(ङ) झारखंड सरकार ने पीएम सेतु योजना के प्रायोगिक चरण के अंतर्गत उन्नयन के लिए 1 क्लस्टर (धनबाद) की पहचान की है, जिसमें 1 हब (राजकीय आईटीआई, धनबाद) तथा 4 स्पोक (राजकीय आईटीआई, बोकारो; राजकीय आईटीआई, देवघर; राजकीय आईटीआई, गिरिडीह तथा राजकीय आईटीआई, कोडरमा) शामिल हैं। इस उन्नयन का प्रस्ताव उद्योग-संचालित विशेष प्रयोजन साधन (एसपीवी) के माध्यम से किया जाना है। झारखंड सरकार द्वारा उद्योग-संचालित एसपीवी की स्थापना हेतु उद्योग भागीदार के चयन की प्रक्रिया प्रगति पर है।

(च) झारखंड राज्य में इन न्यू एज ट्रेडों में प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण से संबंधित ट्रेडों की सूची **अनुलग्नक-2** में उपलब्ध है।

**अनुलग्नक-1**

**दिनांक 09.03.2026 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2554 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

इन न्यू एज ट्रेडों में प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण से संबंधित ट्रेडों की सूची

| क्र.सं. | ट्रेड का नाम |
|---|---|
| 1. | एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग (3D प्रिंटिंग) तकनीशियन |
| 2. | एरोनॉटिकल स्ट्रक्चर एंड इक्विपमेंट फिटर |
| 3. | आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्रामिंग असिस्टेंट |
| 4. | एडवांस सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन |
| 5. | कंप्यूटर एडेड मैन्युफैक्चरिंग (CAM) प्रोग्रामर |
| 6. | ड्रोन पायलट (जूनियर) |
| 7. | ड्रोन तकनीशियन |
| 8. | इंजीनियरिंग डिजाइन तकनीशियन (आर्टिजन यूजिंग एडवांस्ड टूल) |
| 9. | फाइबर टू होम तकनीशियन |
| 10. | जियो इन्फॉर्मेटिक्स असिस्टेंट |
| 11. | इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईआईओटी) तकनीशियन |
| 12. | इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स एवं डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग |
| 13. | सूचना प्रौद्योगिकी |
| 14. | इंटरनेट ऑफ थिंग्स तकनीशियन (स्मार्ट एग्रीकल्चर) |
| 15. | इंटरनेट ऑफ थिंग्स तकनीशियन (स्मार्ट सिटी) |
| 16. | इंटरनेट ऑफ थिंग्स तकनीशियन (स्मार्ट हेल्थकेयर) |
| 17. | मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस कंट्रोल एवं ऑटोमेशन |
| 18. | मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल |
| 19. | मल्टीमीडिया, एनीमेशन एवं स्पेशल इफेक्ट्स |
| 20. | सेमीकंडक्टर तकनीशियन |
| 21. | स्मॉल हाइड्रो पावर प्लांट तकनीशियन |
| 22. | स्मार्टफोन तकनीशियन कम ऐप टेस्टर |
| 23. | सॉफ्टवेयर टेस्टिंग असिस्टेंट |
| 24. | सोलर तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल) |
| 25. | तकनीशियन मेक्ट्रॉनिक्स |
| 26. | वर्चुअल एनालिसिस एंड डिजाइनर - एफ़ईएम (फाइनाइट एलिमेंट मेथड) |
| 27. | ग्रीन हाइड्रोजन प्रोडक्शन तकनीशियन |
| 28. | डेटा एनोटेशन असिस्टेंट |
| 29. | साइबर सिक्योरिटी असिस्टेंट |
| 30. | विंड प्लांट तकनीशियन |
| 31. | 5G नेटवर्क तकनीशियन |

**<u>अनुलग्नक-2</u>**

**दिनांक 09.03.2026 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2554 के भाग (च) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

झारखंड राज्य में इन न्यू एज ट्रेडों में प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण से संबंधित ट्रेडों की सूची

| **क्र.सं.** | **ट्रेड का नाम** |
|---|---|
| 1 | एडवांस सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन |
| 2 | ड्रोन तकनीशियन |
| 3 | सूचना प्रौद्योगिकी |
| 4 | इंटरनेट ऑफ थिंग्स तकनीशियन (स्मार्ट सिटी) |
| 5 | मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल |
| 6 | स्मार्टफोन तकनीशियन कम ऐप टेस्टर |
| 7 | सोलर तकनीशियन (इलैक्ट्रिकल) |
| 8 | तकनीशियन मेक्ट्रॉनिक्स |

*****